एक नजर में

18 वर्ष पूर्ण युवाओं हेतु 9-10 जनवरी को विशेष मतदाता शिविर

धार 8 जनवरी 2026। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2026 के अन्तर्गत 01 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि पर 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले पात्र युवाओं को मतदाता सूची में सम्मिलित करने के लिये शिविर आयोजित किया जाना हैं । निर्वाचन आयोग के निर्देश के परिपालन में में 09 एवं 10 जनवरी 2026 को धार जिले के हायर सेकेण्डरी स्कूलों व महाविद्यालयों एवं उच्च शिक्षा के शैक्षणिक संस्थानों में विशेष शिविर आयोजित होगे। आयोजित शिविरों में 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले पात्र छात्र/छात्रांए जिन्होंने निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करने हेतु आवेदन नहीं किया गया हो, वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में उपस्थित होकर फार्म-6 घोषणा पत्र के साथ भरकर अपना नाम नामावली में जुड़वा सकते है।

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 बोर्ड परीक्षा/स्थानीय परीक्षाओं से संबंधित बैठक

धार, 8 जनवरी 2026। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग नरोत्तम वरकडे की अध्यक्षता में बुधवार को शासकीय उत्कृष्ट उमावि क्रमांक 01 घोडाचौपाटी धार में जिले के समस्त हाईस्कूल/उमावि एवं विशिष्ट संस्थाओं के प्राचार्यों एवं समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी की वर्ष 2025-26 बोर्ड परीक्षा / स्थानीय परीक्षाओं से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्री-बोर्ड परीक्षाओं के साथ-साथ वार्षिक परीक्षा की सतत तैयारी, परीक्षार्थीयों को लिखने का अभ्यास एवं कठिन अवधाराणाओं के निराकरण के लिए उपचारात्मक शिक्षण पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही प्रत्येक प्राचार्य से उनकी संस्था के कक्षा 10वी एवं कक्षा 12 वीं परीक्षा परिणाम हेतु लक्ष्य निर्धारित किये गये। बैठक में ई-अटेनडेन्स, ओ.टी.आर., छात्रवृत्ति, विशिष्ट संस्थाओं में प्रवेश हेतु आवेदन, शौचालय निर्माण/मरम्मत के प्रस्ताव एवं 12 जनवरी को सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्देश दिये गये। बैठक में सहायक संचालक श्री आनंद कुमार पाठक, जिला शिक्षा अधिकारी श्री केशव वर्मा, डी.पी.सी. श्री प्रदीप खरे एवं ए.डी.पी.सी. सुश्री सिमरन सूर्यवंशी उपस्थित रहे।

हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षाओं के विषयों में त्रुटि सुधार के लिए एक और मौका

धार । माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा शिक्षण सत्र 2025-26 में आयोजित की जाने वाली हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षाओं हेतु ऑनलाईन प्रविष्टि में विषयों में की गई त्रुटि सुधार हेतु समय दिया गया है। विद्यार्थी 10 जनवरी 2026 तक 500 रुपये प्रति विषय के विशेष शुल्क के साथ विषयों में त्रुटि सुधार के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाईन विषयों में त्रुटि सुधार हेतु 10 जनवरी 2026 तक सुविधा प्रदान की गई है। विषय संशोधन हेतु 10 जनवरी 2026 के पश्चात परीक्षा केन्द्र अथवा मण्डल स्तर पर किसी प्रकार के विषय संशोधन की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी।

युवा मंच की नवीन कार्यकारिणी घोषित, मनीष भावसार अध्यक्ष व नीलेश बड़जात्या बने महासचिव

कुक्षी। साहित्यिक गतिविधियों का मंच युवा मंच की नवीन कार्यकारिणी का मनोनयन सर्वानुमति से किया गया । संरक्षक मण्डल के महेन्द्र सेठ गुप्ता , रमण रावल , प्रकाशचंद्र गुप्ता , पं.मनोहर मंडलोई , नरेश चौधरी तथा परामर्शदात्री समिति ओमप्रकाश सोनी , सुनेश जैन , अशोक गुप्ता , सतीश निरखे, मनोज साधु , कृष्णकांत गुप्ता , डॉ. निर्मल पाटीदार , एडवोकेट राजेन्द्र गुप्ता की सहमति से मनीष भावसार अध्यक्ष व नीलेश ब?जात्या महासचिव , जयप्रकाश गुप्ता सचिव , यतीन्द्र डुंगरवाल व हर्षित मुकाती उपाध्यक्ष, विकास राठौड़ सहसचिव तथा सुनील पाटीदार मीडिया प्रभारी मनोनीत किए गए ।हीरालाल हम्मड़ मंच के स्थाई कोषाध्यक्ष व अनिल पारिख अनुशासन प्रबंधक हैं । नव मनोनीत पदाधिकारियों को निवृत्तमान अध्यक्ष सौरभ भायल , जिनेन्द्र जैन , सुशील जैन , रविन्द्र जैन , राकेश गुप्ता , मुकेश गुप्ता , राजेन्द्र जैन , रवि जैन , विश्लेष सोनी , प्रदीप अगाल , राजेश सोनी , महेश पाटीदार , लोकेश चौहान , जितेन्द्र सोनी , मुकेश पाटीदार , अनुराग शर्मा , सुनील कोठारी , प्रवीण पाटीदार, अर्पित महाजन , हरीश भावसार , अमन सोनी , आशीष मित्तल , रामेश्वर पाटीदार , प्रफुल्ल जैन , गोपाल सोनी , भूपेन्द्र वर्मा , कमल रावत, आशीष परसाई, देवेंद्र जैन , राजेश मालवीय , रवि बृजवासी , राजेन्द्र बाड़मेरा , मुकेश सोलंकी , चंचल सेन , सन्देश धाड़ीवाल , अमित सोनी , सौमिल जैन ने बधाई दी।

ग्राम भरावदा में निशुल्क मोतियाबिंद कैंप का आयोजन

सरदारपुर । मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर भरावदा ग्राम विकास समिति ग्राम भरावदा विकासखंड सरदारपुर व जिला अंधत्व निवारण समिति धार एवं शंकर आई सेंटर विजयनगर इंदौर के संयुक्त तत्वाधान में मोतियाबिंद कैंप का आयोजन किया गया कार्यक्रम में सरस्वती जी का पूजन कर शुभारंभ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सुभाष जी पटेल सरपंच सरदार निनामा भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मांगीलाल कुल्हारा गिरधारीलाल अध्यापक डॉ शिवकुमार बक्शी रहे कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक कमल मेडा ने नेत्र शिविर में सेवाएं दे रहे डॉक्टरों का उत्कृष्ट कार्य हेतु शील्ड देकर सम्मान किया गया नेत्र शिविर में नेत्र चिकित्सक डा .प्रियंका साधु शंकर आई सेंटर के जिला कोऑर्डिनेटर लोकेश करोड़ीवाल सि एच ओ सोभा मैडम ने अपनी सेवाएं दी कार्यक्रम में पशु चिकित्सक डा .कुंदन वर्मा एवं गौ सेवक डा .गुलाब सिंह प्रजापत का भी सम्मान किया गया जिसमें उपस्थित राहुल त्रिवेदी भोपावर निर्भय सिंह भाटी गोविंद हाडा योगेश पटेल श्रीकांत पटेल गोपाल पटेल अर्जुन भाटी दिनेश हाडा आदि उपस्थित रहे यह जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन हाडा द्वारा दी गई

कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न की अब ऑनलाइन भी शिकायत

धार, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सुभाष जैन द्वारा कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न के संबंध में गुरुवार को आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विभिन्न विभागों एवं संस्थानों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कानून के प्रति जागरूक करना, महिलाओं को सुरक्षित कार्यस्थल उपलब्ध कराना तथा शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान को सुनिश्चित करना रहा। उन्होंने महिलाओं के कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 पर नियमों एवं समिति के कार्यों व प्रक्रिया के बारे में बताया गया ।

चेतना राठौर काउंसलर द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित का आयोजन कर महिलाओं के कार्यस्थल पर सुरक्षित, सम्मानजनक एवं गरिमामय वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महिलाओं के कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के संबंध में विस्तार से जानकारी गई।

इस प्रशिक्षण में स्वास्थ्य विभाग, बैंक, लीड संस्थान, निजी कंपनियाँ एवं शिक्षा विभाग के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों, आंतरिक शिकायत समिति (द्बष्टष्ट) के गठन, शिकायत प्रक्रिया तथा नियोक्ता एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान ज्योति पाल, विभागीय काउंसलर द्वारा प्रतिभागियों को स्द्धद्ग-क्चश्र× पोर्टल के बारे में भी अवगत कराया गया तथा यह बताया गया कि किस प्रकार महिलाएँ ऑनलाइन माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कर सकती हैं। पोर्टल पर लॉगिन, पंजीकरण एवं शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया।

प्रशिक्षण में उपस्थित प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रशिक्षण के दौरान सहायक संचालक श्री प्रवीण कुमार सिटोले एवं महिला बाल विकास के कर्मचारी शामिल हुए।

आबकारी विभाग की अवैध मदिरा विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी

- धार शहर के पास प्रेमनगर बस्ती,लबरावदा फाटा, अथर स्थित रहवासी मकान से अवैध शराब जप्त

धार 8 जनवरी 2026। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के आदेशानुसार, उपायुक्त आबकारी संभाग इंदौर संजय तिवारी, एवं सहायक आबकारी आयुक्त जिला धार राज नारायण सोनी के मार्गदर्शन में तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी दिनेश उदैनिया के नेतृत्व में बुधवार को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई।

धार शहर के पास स्थित प्रेमनगर बस्ती,अथर, लबरावदा फाटा में सागर पिता लक्ष्मण डाबी के रहवासी मकान में शराब के भंडारण की सूचना मिलने पर रहवासी मकान की तलाशी लेने बोल्ट केन बियर, देशी मदिरा प्लेन एवं मसाला, लंदन प्राइड वोदका की कुल 120.60 बल्क लीटर शराब जप्त कर आरोपी सागर पिता लक्ष्मण निवासी प्रेमनगर बस्ती, लबरावदा फाटा, अथर के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) एवं 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया । यह कार्यवाही नवीन विधान हेतु निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से वीडियो आदि बनाकर की गई। जप्त मदिरा की कुल अनुमानित क़ीमत लगभग रुपये 48,600/- है । सहायक जिला आबकारी अधिकारी दिनेश उदैनिया आबकारी उप निरीक्षक राज कुमार शुक्ला, मुख्य आरक्षक कैलाश बघेल, आरक्षक शकुंतला खराड़ी, रामसिंह बामनिया सैनिक पवन ठाकुर की टीम द्वारा कार्यवाही की गई।

पागल बंदर के आतंक से नगरवासी परेशान

- वन विभाग सोया कुंभकरण की नींद सूचना के बाद भी क्यों नहीं जागते जिम्दार बंदर का खेल वन विभाग की जिम्मेदार फेल



सरदारपुर । दसाई नगर में एक पागल बंदर के आतंक से ग्रामीणजनों व ,छोटे बच्चों का घर के बाहर निकलना हुआ मुश्किल ।

रविवार शाम से क्षेत्र में अचानक एक बंदर ने पागलों की तरह नगर में घूमता है।जिससे ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ है। *बंदर ने कई लोगों को किया घायल* इस पागल बंदर ने कई लोगों को काट भी लिया है,कुछ घायल लोगों ने स्थानीय शासकीय अस्पताल में इलाज भी कराया है। सरदारपुर वन विभाग को ग्राम पंचायत व पत्रकारों के द्वारा अवगत भी कराया गया, पर उस बंदर को पक? नहीं पा रहे है। वन विभाग समय रहते अगर इस बंदर को नहीं पक?ते है,तो यह और भी आम राहगीर लोगों को नुकसान पहुँचा सकता है।

क्षेत्र में भय बना हुआ है।और आज तक कोई भी वनविभाग का जिम्मेदार कर्मचारी नहीं आया।

भाजपा धार जिला ग्रामीण की कार्यकारिणी घोषित

मनावर। ।भारतीय जनता पार्टी धार ग्रामीण जिला कार्यकारिणी की घोषणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भाजपा धार ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार द्वारा जारी सूची जारी कर कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमे एक जिला महामंत्री, सात जिला उपाध्यक्ष, आठ जिला मंत्री समेत 30 भाजपा कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपा गया। छ्- महिला सदस्यों को भी जिला पदाधिकारी बनाया गया। भाजपा धार ग्रामीण जिले की चार विधानसभा जिसने मनावर, गंधवानी, कुक्षी, धरमपुरी विधानसभा से कार्यकर्ताओं को दायित्व दिया गया। भाजपा (धार) ग्रामीण जिला कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष पद पर महेंद्र सेप्टा, मोहन पटेल, महेंद्र परिहार, श्रीमती सुरमा सोलंकी, संतोष राठौड़, राकेश मोटसरा, जयपाल टैगोर, जिला महामंत्री महेंद्र मेरती, जिला मंत्री बृजेश चौहान, श्रीमती उत्तराजी विश्वास, श्रीमती अनीता शर्मा, सदाशिव बरफा, नितेश राठौड, लोकेश मुकाती (1द्बश्व), श्रीमती सुनैना कर्मा, सुनील पाटीदार, कोषाध्यक्ष महेंद्र महाजन, सहकोषाध्यक्ष राम पाटीदार, श्रीमती पिंकी वास्केल, जिला कार्यालय मंत्री पन्नालाल पाटीदार, सह कार्यालय मंत्री प्रदीप गादिया, श्रीमती नागिन सोनी, जिला मीडिया प्रभारी विजय राठौर, सह मीडिया प्रभारी अंकित शुक्ला, सोशल मीडिया प्रभारी कपिल जाटपुरिया, सोशल सह मीडिया प्रभारी डॉ.प्रकाश पटेल, मयंक खंडेलवाल, आईटी प्रभारी दुर्गेश वर्मा, आईटी सह प्रभारी श्रीमति माधुरी मेहता (वर्मा), मन की बात प्रभारी रवि परिहार को नियुक्त किया गया।

पशुओं की मौत पर नगर परिषद् को सूचना दें पशुपालक : विधायक ग्रेवाल

- विधायक ग्रेवाल ने सरदारपुर नगर के वार्ड 1 एवं 2 मे किया भ्रमण कर रहवासियों से संवाद किया



सरदारपुर । विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा गुरूवार को सरदारपुर नगर के वार्ड क्रमांक 1 एवं 2 मे भ्रमण कर रहवासियों से जनसंवाद किया। वार्ड 2 के रहवासियों द्वारा विधायक ग्रेवाल को पशुओ की मृत्यु पर खुले गढढ़े में फैकने की समस्या बताई ।जिस पर विधायक ग्रेवाल द्वारा पशु पालको से आव्हान किया कि पशुओ की मृत्यु पर नगर परिषद् को जानकारी देवे एवं नगर परिषद् सीएमओ यशवंत शुक्ला को निर्देश दिया कि नगर मे पशुओ की मृत्यु पर समुचित व्यवस्था हेतु एक टोल फ्री नंबर जारी किया जाए।

वार्ड क्रमांक 1 मे आंगनवाडी भवन जर्जर होने पर आंगनवाडी के समीप स्थित रिक्त प्राथमिक विद्यालय का भवन आंगनवाडी संचालन हेतु प्रदान करने के लिए फोन लगाकर बीईओ विष्णु रघुवंशी को निर्देशित किया। रहवासियो द्वारा विधायक ग्रेवाल को भ्रमण के दौरान नाली निर्माण, स्ट्रेट लाईट एवं साफ सफाई की समस्या बताई गई जिस पर विधायक ग्रेवाल द्वारा नाली निर्माण के प्राकलन बनाने हेतु उपयंत्री कविता जमरे एवं साफ सफाई हेतु स्वच्छता प्रभारी अरूण गोखले एवं स्ट्रेट लाईट लगाने हेतु विद्युत प्रभारी गोपाल मारू को निर्देशित किया। विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा रहवासियो से वार्डो मे प्रदाय जल की भी जानकारी ली और नगर परिषद् को स्वच्छ जल प्रदान करने के निर्देश दिए। विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 3,4,5,6,7 मे भ्रमण किया जाएगा। इस दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधी अर्पित ग्रेवाल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष बलराम यादव, पूर्व पार्षद देवकरण यादव, अंसार खान, बबलु सोनेर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एसडीओ डोंगरादेव, विद्युत विभाग के कनिष्ठ यंत्री अनिल अमोदे, सरदारपुर हल्का पटवारी सतीश पहाडिया, आंगनवाडी कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

एक नजर

हिंदू समाज संगठित रहेगा तभी देश दुनिया में शांति रह सकती है

हिंदू सम्मेलन...चल समारोह,धर्म सभा के साथ समरसता भोज का आयोजन

टांडा (धार)- टांडा में गुरुवार को राष्ट्र स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सुबह 10-30 बजे श्रीराम मंदिर प्रांगण से बैंड बाजे के साथ भगवा पताका हाथ में लिए हुए चल समारोह निकाला गया। जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए खेल मैदान पर पहुंचा। जहां पंडाल में हिंदू सम्मेलन अंतर्गत धर्म सभा का आयोजन किया गया। हिंदू सम्मेलन में अतिथि के रूप में गंगाकूई धाम के संत सुरजपुरीजी महाराज एवं मुख्य वक्ता के रूप में जनजाति विकास मंच मालवा प्रांत के संयोजक रूपसिंह नागर तथा मातृशक्ति वक्ता के रूप में राष्ट्र सेविका संघ की धार विभाग संयोजक अमृता दीदी भावसार उपस्थित थे। वही नगर के समाज प्रमुख भी अतिथि के रूप में मंचासिन थे। समस्त अतिथियों को तिलक एवं भगवा दुपट्टा डालकर स्वागत किया गया। अतिथियों के द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मातृशक्ति वक्ता अमृता दीदी भावसार ने कहा की हमने सुना होगा कि भारत पहले सोने की चिड़ियां हुआ करता था। सोने की चिड़ियां उड़ा नही करती थी स्मपूर्ण राष्ट्र में संपन्नता प्रेम,स्नेह,त्याग, समर्पण की परिपाटी से स्वर्णमय वातावरण उत्पन्न कर दिया जाता था। इन्होंने कुटुंब व्यवस्था सहित सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण व भारतीय परिधान पहनने, भारतीय धार्मिक तथा आध्यात्मिक केंद्रों दर्शन भ्रमण, आंगन में तुलसी का ब्योरा लगाने,भाषा संस्कार,आगंतुक अतिथि के आने पर बच्चे के द्वारा स्वागत प्रणाम व अपनी भाषा में करने की बात कही। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आए रूपसिंह नागर ने भारत माता व महापुरुष के जयघोष के साथ पंडाल में उपस्थित हिंदू समाजजन को संबोधित करते हुए कहा हम भाग्यशाली है की हमने ऐसे देश में जन्म लिया जहा भगवान को जन्म लेने के लिए अवतार लेना पड़ता है। मंदिर में आरती के पश्चात हम, विश्व का कल्याण हो का जयकारा लगाते है । पूरी दुनिया का कल्याण करने की कामना करने वाला यह देश है। हिंदू है तो कण -कण में भगवान है। हिंदू है तो नदिया है। हिंदू है तो प्रकृति है। हिंदू है तो मातृ शक्ति का सम्मान है। हम नदियों को मां कहते है। प्रकृति की पूजा करते। माताओं को शक्ति रूप में पूजते है। यह हिंदुओ की विशेषता है। हिंदू है तो देश में शांति है दुनिया में शांति की बात कही जाती हैं। हिंदू समाज को संगठित रहना चाहिए तभी देश दुनिया में शांति रह सकती है। जब जब हिंदुत्व की हानि हुई। तब-तब समस्याएं खड़ी हुई। 1925 में हिंदुत्व को संगठित करने का प्रयत्न विगत 100 वर्षो से शुरू हुआ है।

> इन्होंने संघ की 100 वर्षो की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा की इस दौरान संघ पर कई विपत्ति विघ्न आए। सभी प्रकार की बधाओ से संघ बाहर निकला है। पाकिस्तान तथा चीन के युद्ध में स्वयंसेवक ने सेना तक रसद पहुंचाकर भूमिक निभाई। भूकंप, बाढ़,कोरोना काल जेसी विपदा में स्वयंसेवक सेवा कार्य किए। इन्होंने संघ समाज की एकता,राष्ट्र निर्माण में हिंदू धर्म के योगदान, पंच परिवर्तन जैसे विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। धर्म सभा के बाद भारत माता की आरती उतारी गई एवं समरसता भोज का आयोजन किया गया जहां 5000 से अधिक जनो ने समरसता भोज किया। मंच का संचालन निर्मल जैन ने किया।